केन्द्रीय मंत्री श्री प्रताप चन्द्र सारंगी द्वारा भा कृ अनु प–सी एम एफ आर आइ के पिंजरा मछली पालन प्रदर्शन परियोजना की शुरुआत

श्री प्रताप चन्द्र सारंगी, माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री, मात्स्यिकी, पशुपालन एवं डेयरी और एम एस एम ई ने दिनांक 10 जनवरी 2021 को बहलपुर में आयोजित कार्यक्रम में भा कृ अनु प–केन्द्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान (सी एम एफ आर आइ) के 'भारतीय पोम्पानो (ट्रकिनोटस मूकाली) के पिंजरा मछली पालन प्रदर्शन' विषयक परियोजना का प्रारंभ किया। यह परियोजना राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एन एफ डी बी) द्वारा वित्तपोषित है। मंत्री द्वारा दीप प्रज्वलन के बाद बहलपुर मत्स्यन पोताश्रय में परियोजना के लिए आधार शिला की स्थापना की।

इस अवसर पर भाषण करते हुए श्री प्रताप चन्द्र सारंगी ने कहा कि यह परियोजना ओडीषा के तटीय मछुआरों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। परियोजना को सफल बनाने के लिए भा कृ अनु प-सी एम एफ आर आइ के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि चांदीपुर-बहाबलपुर में विकसित समुद्री पिंजरा मछली फार्म मछली पालनकारों को पिंजरा मछली पालन के गुणों को समझाने में एक मोडल प्रदर्शन फार्म के रूप में सहायता करेंगी ।श्री प्रताप चन्द्र सारंगी ने दोहराया कि भूरहित किसानों के लिए पिंजरा मछली पालन एक वरदान है।

मंत्री ने एम एम एस वै के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा लागू किए जा रही विकास योजनाओं और पिंजरा मछली पालन के गुणों की संक्षिप्त जानकारी दी। बाद में उन्होंने

श्री प्रताप चन्द्र सारंगी, माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री, मात्स्यिकी, पशुपालन एवं डेयरी और एम एस एम ई परियोजना का उद्घाटन करते हुए

श्री प्रताप चन्द्र सारंगी, माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री, मात्स्यिकी, पशुपालन एवं डेयरी और एम एस एम ई का स्वागत करते हुए

भा कृ अनु प-सी एम एफ आर आइ प्रदर्शिनी स्टाल का दौरा किया और राष्ट्र के समुद्री संवर्धन और समुद्री प्रग्रहण मात्स्यिकी को व्यापक बनाने में संस्थान द्वारा उठाये जा रहे प्रयासों की सराहना की।

डॉ. सी. सुवर्णा, राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड का मुख्य कार्यपालक, डॉ. जे. बालाजी, संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी), मात्स्यिकी, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय, श्री सागर मेहरा, संयुक्त सचिव (अंतर्स्थलीय मात्स्यिकी) मात्स्यिकी, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय, श्री एस. आर. प्रधान, निदेशक, मात्स्यिकी निदेशालय, श्री के. सुदर्शन चक्रवर्ती, जिलाधीश, श्रीमती सुमती नायक, जिला परिषद सदस्य और श्रीमती रश्मिता मंडल, सरपंच भी उद्घाटन समारोह में उपस्थित हुए।

डॉ. शुभदीप घोष, अध्यक्ष, मुख्य जांचकर्ता, भा कृ अनु प-सी एम एफ आर आइ विशाखपट्टणम क्षेत्रीय केंद्र ने गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और डॉ. सुबल कुमार राउल, प्रभारी, पुरी क्षेत्र केंद्र, भा कृ अनु प-सी एम एफ आर आइ ने धन्यवाद अदा किया।

माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री द्वारा पोस्टर का विमोचन